इसके अलावा, कुछ और बैंक भी अन्य बैंकों के साथ मिलकर (टाइ अप व्यवस्था) इस कारोबार को कर रहे हैं।

(ख) और (ग) दुरुपयोग के मामले में कार्ड धारक सामान्यत: स्वयं बैंक को शिकायत करते हैं। बैंक कार्ड के धोखाधडी पूर्ण उपयोग के मामले में, बैंक मामलों को पुलिस के साथ उठाता है और वसूली की प्रक्रिया करता है। कार्ड के खो जाने/चोरी हो जाने पर, कार्ड धारक को तत्काल बैंक को सूचित करना होता है। संबन्धित बैंक द्वारा अपने सभी सदस्य स्थापनाओं को जारी किए जाने वाले चेतावनी बुलेटिन में कार्ड को दर्ज किया जाता है।

Pilots of IA and AI to join Private Air Taxi Operators

*215. SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI SUSHIL KUMAR
SAMBHAJIRAO SHINDE:

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that lately a large number of Pilots, Co-pilots and Commanders of Indian Airlines and Air India had put in their papers in their bid to join private air taxi operators;

(b) if so, the details in this regard; and

(c) the steps taken by Government to handle the situation and to overcome the problems posed by large-scale efflux of flying staff out of the public sector Air-lines?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) and (b) As a result of employment by private airlines, 146 pilots (co-pilots and commanders) left from the Indian Airlines during the period 1992-94. No pilot has resigned from Indian Airlines so far in 1995. Air India has not experienced large scale resignation of pilots.

(c) Steps taken to meet the situation include:—

1. Indian Airlines has increased the notice period for resignation from 1 month to 6 months, and the provision for salary in lieu of notice period has been withdrawn.

2. DGCA has issued instructions that operators can employ only such pilots who have obtained No-objection certificate from their previous employer.

3. Indian Airlines has increased the value of the bond from Rs. 35,000 to Rs. 10 lakhs.

4. An understanding has been reached with foreign airlines not to employ Indian Airlines pilots without consulting the management.

5. Productivity linked agreements have been entered into with pilots.

6. The number of Examiners, instructors and check pilots has been increased for accelerating the training of pilots.

7. Retired pilots have been appointed on contract basis.

8. Payment of allowances on the rates applicable to Air India Pilots, to Indian Airlines Pilots for operating international flights.

बांका जिले में दूरदर्शन केन्द्र

*216. श्री जनार्दन यादव: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बिहार के बांका जिले में दूरदर्शन केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक स्थापित किये जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव): (क) वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) बांका जिले के भाग कटिहार में कार्य कर रहे उच्च शक्ति टी.वी. ट्रांसमीटर (उ.श.ट्रा.) के टी. वी. कवरेज क्षेत्र में आते हैं। अन्य बातों के साथ-साथ, बिहार में देवगढ़ में एक उच्च शक्ति टी. वी. ट्रांसमीटर भी स्थापित किए जाने के लिए परिकल्पित है। इस ट्रांसमीटर के चालू हो जाने पर बांका जिले में टी. वी. कवरेज में और अधिक सुधार होने की आशा है।